वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh BhandariUttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांकः 3658 वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0/2025 — दिनांकः 25.01.2025

महत्त्वपूर्ण

सेवा में,

निदेशक
समस्त परिसर एवं सम्बद्ध संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0, देहरादून।

विषयः—उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकित करने वाले शिक्षकों के अर्हता के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की कार्यवाही शीघ्र प्रारम्भ हो रही है एवं आपकी संस्थान के शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कराया जाना है। इस हेतु आपसे मुझे कहने का निर्देश हुआ है कि कृपया अपनी संस्था में कार्यरत मात्र उन्हीं शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य करने हेतु यू0एम0एस0 पर मूल्यांकनकर्त्ता नामित करें, जो ए0आई0सी0टी0ई0/यू0जी0सी0/ बी0सी0आई0/पी0सी0आई0 द्वारा निर्धारित शिक्षक अर्हता धारित करते है।

साथ ही सभी सम्बन्धितों को अपने स्तर से यह निर्देशित करे कि किसी भी दशा में यदि उनके पास ए0आई0सी0टी0ई0/ यू0जी0सी0 /बी0सी0आई0/पी0सी0आई0 द्वारा निर्धारित शिक्षक अर्हता नही हैं, तो वे मूल्यांकन कार्य में प्रतिभाग न करें। किसी भी संस्था के ऐसे मूल्यांकनकर्त्ता जो ए0आई0सी0टी0ई0 /यू0जी0सी0/बी0सी0आई0/पी0सी0आई0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम शिक्षक अर्हता नहीं रखते हैं, द्वारा मूल्यांकन/परीक्षा कार्य में प्रतिभाग किये जाने पर उनके सम्बन्धित भुगतान को तत्काल निरस्त करते हुये सम्बन्धित के खिलाफ सुसंगत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

कृपया उक्त का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः—

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
3. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
4. वैब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि संस्थानों को ई0मेल0 के माध्यम से पत्र प्रेषित करना एवं विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक